डीआरआई द्वारा पूरे भारत में “ऑपरेशन गोल्डन डॉन” के अंतर्गत ₹51 करोड़ मूल्य का 101.7 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया

प्रविष्टि तिथि: 21 FEB 2023 7:46PM by PIB Delhi

पूरे भारत में चलाए गए ऑपरेशन में राजस्व आसूचना निदेशालय (DRI) ने नेपाल बॉर्डर के रास्ते सूडानी नागरिकों के सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। DRI ने पटना, पुणे और मुंबई में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करके कुल 101.7 किलोग्राम तस्करी का सोना ज़ब्त किया, जिसकी कीमत लगभग ₹51 करोड़ है। जब्त किया गया सोना मुख्यतः पेस्ट (लेप) के रूप में था, जिसे भारत-नेपाल सीमा के रास्ते पटना लाया जा रहा था तथा वहां से रेल अथवा हवाई मार्ग द्वारा देश के विभिन्न भागों, विशेषकर मुंबई, भेजा जा रहा था।

डीआरआई अधिकारियों ने 19.02.2023 की देर रात पटना रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली ट्रेन में चढ़ते हुए तीन सूडानी नागरिकों को पकड़ा गया। दो व्यक्तियों से 40 पैकेटों में 37.126 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसे विशेष रूप से बनाई गई जैकेट की गुप्त जेबों में छिपाया गया था।

तीसरा व्यक्ति सीमा क्षेत्र में तस्करी गतिविधियों का समन्वयक (हैंडलर) था, जो सीमा पर तस्करी का समन्वय करता था और सोने के परिवहन की व्यवस्था करता था।

हैदराबाद से मुंबई जा रही बस में यात्रा कर रही दो सूडानी महिला नागरिकों को रोका गया, जिनके हैंडबैग से 5.615 किलोग्राम तस्करी का सोना विभिन्न रूपों में, बरामद किया गया।

20.02.2023 को पटना से मुंबई आ रहे दो सूडानी नागरिकों के तीसरे समूह को मुंबई रेलवे स्टेशन पर रोका गया। पटना से मुंबई जा रहे दो सूडानी नागरिकों के तीसरे समूह को मुंबई में रोका गया | उनके पास से 40 पैकेटों में 38.76 किलोग्राम सोना (पेस्ट रूप में) बरामद हुआ, जिसे उसी प्रकार जैकेट में छिपाया गया था।

तस्करों से प्राप्त जानकारी के आधार पर मुंबई में विभिन्न परिसरों से डीआरआई के अधिकारियों ने लगभग 20.2 किलोग्राम सोना, ₹74 लाख मूल्य की विदेशी मुद्रा तथा ₹63 लाख भारतीय मुद्रा बरामद की गई। इस कार्रवाई में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

डीआरआई द्वारा पूर्व में भी भारत में विदेशी मूल के सोने की तस्करी के कई नवीन तौर-तरीकों (मोडस ऑपरेंडी) का पर्दाफाश किया गया है, जैसे–देश के उत्तर-पूर्वी भाग से लॉजिस्टिक्स कंपनियों के कूरियर मार्ग के माध्यम से तस्करी, वाहनों में अथवा बस, रेल, विमान आदि से यात्रा के दौरान व्यक्तिगत रूप से छिपाकर सोना लाना, अथवा तमिलनाडु तट पर मछली पकड़ने वाली नावों से तस्करों द्वारा समुद्र में फेंके गए सोने की समुद्र तल से बरामदगी, इसके अतिरिक्त तस्करों द्वारा अपनाए जाने वाले पारंपरिक तरीकों से भी।

वर्तमान अभियान, जिसे "ऑपरेशन गोल्डन डॉन" नाम दिया गया है, के अंतर्गत डीआरआई द्वारा अब तक लगभग 101.7 किलोग्राम सोना (अनुमानित मूल्य ₹51 करोड़), ₹74 लाख मूल्य की विदेशी मुद्रा तथा ₹63 लाख भारतीय मुद्रा जब्त की गई है तथा 7 सूडानी और 3 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

वित्त मंत्रालय

Azadi Ka Amrit Mahotsav

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मिजोरम में मादक पदार्थ तस्करी को विफल किया, 9.72 किलोग्राम मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त की, एक व्यक्ति गिरफ्तार

प्रविष्टि तिथि: 01 JUN 2025 11:02AM by PIB Delhi